तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 वड़नगर से वाराणसी जा रही जल जन कलश...



14 सेवा सेतु शिविर में 21 आवेदनों का मौके ...



## खबर संक्षेप

### बीएसपी से कॉपर पार करने वाले पकड़े गए

**भिलाई।** बीएसपी में प्रवेश कर कॉपर केबल चोरी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि आरोपियों से 60 किलोग्राम और 40 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर केबल चोरी कर ले जाते समय सीआईएसएफ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। आरोपियों से दुर्गेश जोशी स्टेशन मरोदा, यादव पारा बस्ती-21 निवासी दुर्गेश जोशी, मरोदा, बजरंग पारा अजय सोनवाने, बाघ पारा, जोरातराई उतई जोसेफ बाघ, खप्पड़वाड़ा, जिला बालोद हितेष कुमार देशमुख और अपचारी बालक को पकड़ा गया है। इनके पास से पुलिस ने स्क्रैब कॉपर केबल 100 किलोग्राम, जिसकी कीमत 96 हजार 100 रुपये, बाइक सीजी 07 बीपी 5037 जब्त किया है।

### मशीनरी लोहा पार करने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** फेंड्स इंजीनियरिंग फैक्ट्री में मशीनरी लोहा पार करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपए का सामान जब्त किया। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड भिलाई रतन दास गुप्ता ने शिकायत किया कि उनके फ्रेंड्स इंजीनियरिंग फैक्ट्री में मशीनरी सामान, नट-बोल्ट, टूल होल्डर, लोहे की प्लेट, लोहे का रावत समेत करीब 5 क्विंटल लोहे का सामान पार की गई। पुलिस जांच के दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि संदेही शारदा पारा छावनी निवासी सरवन साव उर्फ श्रवण साव, सूरज साव को पकड़ा गया।

# भीषण हादसे वाले बारूद फैक्ट्री को फिर शुरू करने का विरोध, शिवसेना ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

बेरला ब्लॉक के बारूद फैक्ट्री में पूर्व में हुए भीषण हादसे के बाद फैक्ट्री को दोबारा शुरू करने की अनुमति दिए जाने को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने सवाल उठाए हैं।

पार्टी ने फैक्ट्री में औद्योगिक एवं श्रम सुरक्षा मानकों की कथित अनदेखी, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण सहित अन्य बिंदुओं की जांच की मांग की है। इस संबंध में शिवसेना के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के नाम डिप्टी कलेक्टर प्रीतम सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना के प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने आरोप लगाया कि बारूद फैक्ट्री में पूर्व में हुई भीषण दुर्घटना में कई श्रमिकों की मौत हुई थी और कई अन्य घायल हुए थे। इस हादसे ने फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए थे।

चौहान का कहना है कि हादसे के बाद सुरक्षा व्यवस्था की ठोस एवं पारदर्शी जांच और आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए बिना फैक्ट्री को दोबारा संचालन की अनुमति देना श्रमिकों की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर विषय है। शिवसेना ने मांग की है कि फैक्ट्री संचालन के लिए दिए गए आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए और जब तक औद्योगिक तथा श्रम सुरक्षा मानकों की स्वतंत्र जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक फैक्ट्री संचालन की अनुमति नहीं दी जाए।

#### सुरक्षा मानकों की अनदेखी और शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

##### कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

दाऊ राम चौहान ने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा, जनहित और शासकीय भूमि की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा मामले में शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो शिवसेना के बैनर तले जिले में आंदोलन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कार्यकारिणी के राम चरण वर्मा, अनिल वर्मा, कृष्ण वर्मा, मेहतरु सोनी, देवप्रसाद वर्मा, संजू वर्मा, अमित वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा सहित अन्य शिवसैनिक उपस्थित रहे।



##### शासकीय भूमि पर कब्जे और निर्माण की जांच की मांग

ज्ञापन में फैक्ट्री प्रबंधन पर शासकीय भूमि पर कथित रूप से कब्जा कर अवैध निर्माण किए जाने का आरोप भी लगाया गया है। शिवसेना ने संबंधित भूमि की जांच कराने तथा यदि कब्जा और निर्माण अवैध पाए जाएं तो उन्हें हटाने की कार्रवाई करने की मांग की है। पार्टी ने पूर्व में हुए हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों और शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे के लिए जिम्मेदार प्रबंधकों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**आरोप**

## मोहरेंगा की कोटवारी भूमि पर हेरफेर का आरोप, कांग्रेस ने फिर उठाया मामला

### पूर्व विधायक छाबड़ा ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में शासकीय और कोटवारी/सेवा भूमि के निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज होने तथा बाद में उनके विक्रय को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम मोहरेंगा में कोटवारी/सेवा भूमि में कथित हेरफेर और उसके विक्रय का मामला उठाते हुए जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर पूरे मामले की जांच और संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

छाबड़ा ने आरोप लगाया है कि ग्राम कोबिया में जिस पटवारी के कार्यकाल के दौरान कोटवारी/सेवा भूमि को निजी नामों पर दर्ज किए जाने का मामला सामने आया था, वही पटवारी पूर्व में ग्राम मोहरेंगा में भी पदस्थ रहा है और वहां भी इसी तरह की शिकायतें सामने आई हैं। छाबड़ा का कहना है कि ग्राम कोबिया में करोड़ों रुपये मूल्य की कोटवारी/सेवा भूमि को कथित तौर पर बिना किसी अधिकृत आदेश के निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज किया गया। उन्होंने दावा किया कि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों में नक्शा एवं नकल का ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### पटवारी पर शासकीय सेवा भूमि निजी नामों पर दर्ज कराए जाने का आरोप



##### आरटीआई से मिले दस्तावेजों की जांच की मांग

छाबड़ा ने कलेक्टर को सौंपे पत्र में सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी और राजस्व अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि केवल मौखिक शिकायतों के आधार पर मामला समाप्त करने के बजाय मूल रिकॉर्ड, नक्शा, नकल, आदेश-पत्र, नामांतरण प्रक्रिया और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की जानी चाहिए।

#### कोबिया के बाद मोहरेंगा में भी वही पटवारी, कांग्रेस ने उठाए सवाल

पूर्व विधायक ने कहा कि कोबिया में पदस्थापना से पहले संबंधित पटवारी ग्राम मोहरेंगा में पदस्थ था। कांग्रेस को स्थानीय लोगों से शिकायतें मिली हैं कि मोहरेंगा में भी कोटवारी/सेवा भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज किए जाने और बाद में उसके विक्रय की स्थिति बनी। छाबड़ा ने कहा कि यदि शिकायतों में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह केवल राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी का मामला नहीं, बल्कि शासकीय भूमि के संरक्षण और उसके उपयोग से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की ओर से यह भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि पूर्व में संबंधित पटवारी के कार्यकाल में कई शासकीय भूमियों को निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज किया गया। आरोप है कि रिकॉर्ड में नामांतरण अथवा दर्ज होने के बाद ऐसी जमीनों का विक्रय भी किया गया।

#### ज्ञापन के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस नाराज

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस की ओर से लगातार पत्र और ज्ञापन सौंपकर शासकीय भूमि से जुड़े मामलों में कार्रवाई की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक संबंधित पटवारी और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि शिकायतों पर कार्रवाई में हो रही देरी से प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि शासकीय भूमि आम जनता की संपत्ति है और उसका संरक्षण प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसी भूमि का उपयोग जनहित में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासकीय भूमि की कथित बंदरबांट को चुपचाप नहीं देखेगी। छाबड़ा ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित पटवारी और अधिकारियों को संरक्षण देने या उन्हें कार्रवाई से बचाने का प्रयास किया गया तो कांग्रेस आने वाले दिनों में इस मुद्दे को लेकर बड़ा आंदोलन करेगी।

## साजा पुलिस की गौवंश तस्करी पर कार्रवाई, सात आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

गौवंश तस्करी के खिलाफ साजा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- पिकअप व दो बाइक समेत 3.39 लाख का सामान जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार नग भैंसा (मवेशी), तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन और पायलेटिंग में इस्तेमाल की जा रही दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 3 लाख 39 हजार रुपए आंकी गई है। सभी आरोपियों को 30 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार ग्राम कोदवा निवासी गणेश वैष्णव को सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजेड 5877 में चार मवेशियों को बेरला से साजा होते हुए मध्यप्रदेश के कत्लखाने ले जाया जा रहा है। वाहन के आगे दो मोटरसाइकिलों में चार लोग पायलेटिंग करते हुए चल रहे हैं। सूचना के बाद प्रार्थी अपने गौवंश सेवक साथियों के साथ ग्राम परपोड़ा और मोहभट्ठा के बीच स्थित पुल के पास पहुंचा और संदिग्ध वाहन का इंतजार ▶▶| शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप



### महापौर ने किया सफाई मित्रों का सम्मान

**दुर्ग।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान समारोह का आज नगर पालिक निगम दुर्ग में सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, एमआईसी देव नारायण चन्द्राकर,शेखर चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल सहित पार्षद रंजीता पाटिल, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, शेखर दुबे,कुणाल सहित सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं। महापौर अलका बाघमार ने किया सभी सफाई मित्रों का सम्मान, हेल्थ कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का किया वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। नमस्ते योजना के अंतर्गत सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किए गए, ताकि वे उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

### 18 अधिकारी व 79 बीएसपी कर्मियों को विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से माह सितम्बर में 97 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 18 कार्यपालक व 79 गैर-कार्यपालक शामिल हैं।
कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ व सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।
इस अवसर पर बीएसपी के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार तथा प्रबीर कुमार सरकार उपस्थित थे। इसके अलावाभिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को विदाई दी गई। मुख्य महाप्रबंधक प्रशांत ओझा और उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

# गुस्साए रिटेंशनधारियों ने सेक्टर-7 से की निगम चुनाव लड़ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप में वर्षों से निवास कर रहे सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारियों की आवासीय किराया वृद्धि वापस नहीं लिए जाने से गुस्साए आवासधारियों ने लंबे आंदोलन के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव में अपनी जमीनी ताकत दिखाने का निर्णय लिया है। चुनावी तैयारी का आगाज आज बुधवार को सेक्टर 7 से शुरू कर दिया है। बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ ने बीएसपी और सेल प्रबंधन के साथ केंद्र और राज्य सरकार को चेताया है कि यदि जल्द रिटेंशन स्कीम को पूर्ववत रख किराया वृद्धि वापस नहीं ली गई तो कार्मिक कल्याण संघ भिलाई नगर निगम चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ महापौर सहित हर वार्ड से चुनाव में पार्षद प्रत्याशी उतारेगा और अन्य तीन निकाय क्षेत्रों में भी इस पार्टी को हराने का काम करेगा। जब तक प्रबंधन भारीभरकम किराया वृद्धि वापस लेने के साथ इस स्कीम का कंटीन्यू रखे जाने का आदेश जारी नहीं करेगा, रोज चुनावी तैयारी चलती रहेगी। उल्लेखनीय है कि रिटायर संयंत्रकर्मियों के लिए बीएसपी ने करीब पंद्रह साल पूर्व रिटेंशन स्कीम शुरु की थी। इसके तहत नौ से दस लाख रुपए सुरक्षा निधि जमा करने के साथ हर माह किराया पर बीएसपी आवास अलाट किया गया था। लेकिन पिछले साल इसका 32 गुना किराया बढ़ाने के बाद इस स्कीम को ही बंद कर दिया गया। प्रबंधन आवासधारियों को नोटिस जारी कर बेदखल भी कर रहा है। इससे रिटेंशनधारियों में बेघर होने की चिंता से आक्रोश बढ़ रहा है। किरायावृद्धि वापसी की मांग को लेकर बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ कई बार दुर्ग के सांसद विजय बघेल से मिलकर आश्वासन ले चुका है और धरना प्रदर्शन कर चुका है। लेकिन परिणाम शिफर होने से अब समस्या के निदान की मांग को लेकर विरोध स्वरुप आगमी नगर निगम चुनाव लड़ने का निर्णय ले रिटेंशन समस्या के हल के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के संयोजक सुरेशचंद ने बताया कि रिटेंशन समस्या के निदान होते तक रिटेंशनधारियों चारों निकाय चुनाव लड़ने की हमारी जोरशोर से चलती रहेगी। ऐसा कर हम

### बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ ने कसी कमर

बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले बड़ी संख्या मे रिटेंशनधारी जुटे। बीएसपी उद्यान में हुई अहम बैठक में रिटायर आवासधारी परिवार के साथ पहुंचे थे। लंबे आंदोलन व सांसद आदि से लगातार प्रयास व आश्वासन के बाद भी रिटेंशन समस्या का निदान नहीं होने से सभी में आक्रोश था। बैठक में आगामी भिलाई नगर निगम चुनाव में महापौर सहित सभी 70 वार्ड से चुनाव लड़ने और रिसाली निगम,भिलाई 3 चरौदा नगर निगम और जामुल नगर पालिका चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशियों की जीत का समीकरण बिगाड़ने का ऐलान किया गया। कार्मिक कल्याण संघ के संयोजक सुरेशचंद ने बैठक में बताया कि प्रबंधन द्वारा क्वार्टरों के बेस रेट का 32 गुना मनमाना किराया लेने न्यायसंगत नहीं है। लंबे संघर्ष के बाद अब तक हमें प्रबंधन व जन प्रतिनिधियों से सिर्फ आश्वासन ही मिला है। हम किसी भी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन रिटेंशन समस्या के निदा के लिए दबाव बनाने निगम चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय ले रहे हैं। हम रोज चुनावी तैयारी की समीक्षा करेंगे। रिटेंशनधारियों ने कहा कि जब सेल के अन्य सभी यूनिटों में किरायावृद्धि नहीं की गई है और रिटेंशन स्कीम जारी है तो सिर्फ भिलाई में क्यों हमें बेदखल किया जा रहा है।



### भाजपा पार्षदों ने उठाए प्रकाश, पानी, सड़क और सफाई के मुद्दे

# सामान्य सभा में अपनों ने ही महापौर को घेरा विपक्ष ने भी लगाए गंभीर आरोप, हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**विकास कार्यों की धीमी गति को लेकर सदन में हुई तीखी बहस**

नगर निगम दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक में बुधवार को सत्तारूढ़ भाजपा पार्षदों की नाराजगी खुलकर सामने आई। शहर की बदहाल मूलभूत सुविधाओं को लेकर भाजपा पार्षदों ने ही महापौर अलका बाघमार से जवाब मांगा। वहीं कांग्रेस पार्षदों ने भी इन्हीं मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष को घेरा। स्ट्रीट लाइट, पेयजल, जर्जर सड़क, सफाई, जलभराव और विकास कार्यों की धीमी गति को लेकर सदन में तीखी बहस हुई।

निगम मुख्यालय स्थित स्व. मोतीलाल वोरा सभागृह में सभापति श्याम शर्मा की अनुमति से सुबह 11 बजे सामान्य सभा शुरू हुई। बैठक की शुरुआत से ही शहर की व्यवस्थाओं को लेकर पार्षदों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए। कई पार्षदों ने कहा कि वार्डों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति ठीक नहीं है और उन्हें जनता के बीच लगातार जवाब देना पड़ रहा है। सामान्य सभा में कुल 9 प्रस्तावों पर से चर्चा की गई। 7 प्रस्ताव बहुमत से तथा 2 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बाजार विभाग के नियंत्रणाधीन नवनिर्मित जलगृह व्यवसायिक परिसर की तेरहवीं निविदा में प्राप्त ऑफर दर ऑफसेट मूल्य से अधिक होने के कारण स्वीकृति हेतु एमआईसी की अनुशंसा के संबंध में प्रस्ताव सदन में रखा गया, जिसे बहुमत से पारित किया गया। बाजार विभाग के नियंत्रणाधीन नवनिर्मित गंजमंडी व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स की तेरहवीं निविदा में प्राप्त ऑफर दर से संबंधित प्रस्ताव पर भी सदन में चर्चा हुई और इसे बहुमत से पारित किया गया। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निगम स्वामित्व की न्यू हटरी बाजार, वार्ड क्रमांक 30 बरईपारा, लुचकी लिंक रोड पर डॉ. बलराम वर्मा दवाखाना के बाजू खसरा क्रमांक 368/1 में निर्मित 4 दुकानों के प्रथम तल के 975 वर्गफीट छत क्षेत्र को निविदा के माध्यम से दिए जाने संबंधी प्रस्ताव भी बहुमत से पारित किया गया। बैठक में महापौर अलका बाघमार, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, निलेश अग्रवाल, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, लीना दिनेश देवांगन, लीलाधर पाल, मनीष साहू सहित भाजपा-कांग्रेस के पार्षद, एल्डरमैन, आयुक्त लीना कोसम और निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





### भाजपा पार्षदों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

सामान्य सभा के शुरुआती करीब दो घंटे आरोप-प्रत्यारोप और हंगामे के बीच बीते। इस दौरान भाजपा पार्षदों ने निगम के विभिन्न विभागों में कथित भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के आरोप भी लगाए। कांग्रेस पार्षदों ने भी इन आरोपों और शहर की समस्याओं को लेकर सत्तापक्ष से जवाब मांगा। एजेंडों पर चर्चा शुरू होने के बाद भी सदन में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। कई बार शोर-शराबे की स्थिति बनी।

### बैठक नियमित नहीं होने पर भाजपा पार्षद ने उठाया सवाल

पद्मनाभपुर वार्ड के भाजपा पार्षद संजय अग्रवाल ने सामान्य सभा नियमित रूप से नहीं बुलाए जाने का मुद्दा उठाते हुए महापौर से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि महापौर ने प्रत्येक दो माह में सामान्य सभा आयोजित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ। उन्होंने शहर की व्यवस्थाओं को लेकर भी नाराजगी जताई। सभापति श्याम शर्मा ने कई बार उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन संजय अग्रवाल महापौर से जवाब देने की मांग पर अड़े रहे। भाजपा पार्षद कुलेश्वर साहू सहित अन्य पार्षदों ने भी शहर की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी।

### मूलभूत सुविधाओं का उठा मुद्दा

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने मूलभूत सुविधाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कई इलाकों में स्ट्रीट लाइट खराब है। मुख्य सड़कों के साथ वार्डों की सड़कें भी जर्जर हैं। उन्होंने आवारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं, जलभराव, नाली-नालों की सफाई, पेयजल संकट और एसएलआरएम सेंटरों की स्थिति को लेकर जवाब मांगा। अन्य पार्षदों ने जलसंकट, सफाई व्यवस्था, एसएलआरएम सेंटरों की बदहाली और वार्डों में विकास कार्यों की स्थिति पर सवाल उठाए। एक पार्षद ने कि कहा कि वार्ड में निकलते समय चेहरे पर गमछा डालना पड़ता है, क्योंकि लोग विकास और मूलभूत सुविधाओं को लेकर उन्हें घेर लेते हैं।

### शहर के अधोसंरचना और जल व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

अधोसंरचना मद अंतर्गत साइंस कॉलेज के बाजू स्थित केनाल रोड पर जी.ई. रोड से स्टेशन रोड तक केनाल रोड निर्माण कार्य के लिए 522.65 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव को बहुमत से पारित किया गया। नगरोत्थान योजना अंतर्गत निगम के फिल्टर प्लांट, इंटेकवेल एवं उच्च स्तरीय जलागार क्षेत्रों के उन्नयन कार्य के लिए 303.70 लाख रुपये की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव को भी बहुमत से मंजूरी दी गई। इसी योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 अम्बेडकर आवास से शक्तिनगर नाला, हरी नगर से रजत होम्स, टोल प्लाजा से धमधा रोड तथा आरोग्यम हॉस्पिटल से शक्तिनगर नाला तक नाला निर्माण कार्य के लिए 363.83 लाख रुपये की स्वीकृति का प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया। वहीं नगरोत्थान योजना के तहत उरला मुख्य मार्ग से प्रस्तावित एसटीपी तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए 297.04 लाख रुपये की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव को भी सदन ने बहुमत से पारित किया।

### पूर्व पार्षद स्व. चैनसुख भट्टड़ के नाम पर मार्ग का नामकरण पर सहमति

सामान्य सभा में पूर्व पार्षद और समाजसेवी स्वर्गीय चैनसुख भट्टड़ के सम्मान में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। स्वर्गीय चैनसुख भट्टड़ ने अपने जीवनकाल में समाज सेवा, जनसेवा एवं सार्वजनिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। तहसील कार्यालय से बीजेपी कार्यालय होते हुए शनिचरी बाजार चौक तक स्वर्गीय चैनसुख भट्टड़ मार्ग के नाम से जाना जाएगा। वे क्षेत्र के सम्मानित औरवं सर्वप्रिय व्यक्तित्व रहे। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से उनका आत्मीय एवं सहयोगपूर्ण संबंध रहा। दिगंबर जैन मंदिर गली मार्ग का नाम परिवर्तित कर स्वर्गीय चैनसुख भट्टड़ मार्ग किए जाने का प्रस्ताव सदन में रखा गया। प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

### इंदिरा मार्केट के कुंआ चौक का नाम अब परशुराम चौक

राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज दुर्ग द्वारा 22 सितंबर को दिए गए आवेदन पर भी चर्चा की गई। समाज द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित कुंआ चौक का नामकरण भगवान परशुराम चौक करने तथा भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना की मांग की गई थी। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया कि श्री राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा शहर की विभिन्न गतिविधियों में सामाजिक समरसता और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में योगदान दिया जाता रहा है। चौक का नामकरण भगवान परशुराम के नाम से करने और मूर्ति स्थापना के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

## दुर्ग निगम ने दी आरटीआई की गलत जानकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी ने दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की सफाई व्यवस्था और स्वच्छता कर्मचारियों से जुड़े आंकड़ों की जानकारी अब निगम प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी। आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत दायर प्रथम अपील पर प्रथम अपीलीय अधिकारी ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को 7 दिनों के भीतर मांगी गई जानकारी निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह मामला प्रथम अपील प्रकरण क्रमांक 0-69 से संबंधित है। 17 सितंबर को हुई सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किया गया। जसप्रीत सिंह ने दुर्ग निगम क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की श्रेणीवार संख्या, वार्डवार और अंचलवार सूची, ठेका एजेंसियों के नाम-पते, कार्य आदेश तथा स्वीकृत दैनिक या मासिक मानदेय और वेतन दरों से संबंधित प्रमाणित दस्तावेज मांगे थे। जसप्रीत सिंह के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूर्व में उपलब्ध कराई गई जानकारी उनके आवेदन के अनुरूप पर्याप्त नहीं थी। इसके बाद उन्होंने 13 अगस्त को प्रथम अपील दायर की। सुनवाई के बाद प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जन सूचना अधिकारी, नगर पालिक निगम दुर्ग ने स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को मूल आवेदन में मांगी गई संपूर्ण जानकारी 7 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

- 7 दिनों के भीतर मांगी जानकारी उपलब्ध कराने कहा

### 177 नियमित, 1025 प्लेसमेंट कर्मचारी होने की जानकारी

पूर्व में उपलब्ध जानकारी में निगम के स्वास्थ्य विभाग में 177 नियमित कर्मचारी, 1025 प्लेसमेंट कर्मचारी और 582 एमसीओसी कर्मचारी कार्यरत बताए गए हैं, जबकि संविदा कर्मचारियों की संख्या शून्य बताई गई है। अब इन कर्मचारियों और ठेका व्यवस्था से जुड़ी विस्तृत जानकारी निगम प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी। जसप्रीत सिंह ने आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि निगम की सफाई व्यवस्था पर खर्च होने वाली राशि और धरातल पर कार्यरत कर्मचारियों की वास्तविक स्थिति से संबंधित जानकारी जनता के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने पर आम आदमी पार्टी जनहित में आगे की कार्रवाई करेगी।

## 2 करोड़ से संवरेगा रिसाली का दशहरा मैदान, युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए मिलेगा बेहतर मंच

**भिलाई।** रिसाली के दशहरा मैदान के कायाकल्प का रास्ता साफ हो गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बुधवार को विधिवत पूजा-अर्चना कर करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। विकास कार्य पूरा होने के बाद दशहरा मैदान को आधुनिक और सुविधायुक्त स्वरूप मिलेगा।

सौंदर्यीकरण कार्य के तहत मैदान में हाईमास्ट लाइट, आधुनिक स्ट्रीट लाइट, 100 फीट ऊंचा फ्लैग मास्ट, कबड्डी मैदान, बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम और भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। इससे मैदान में खेल गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के लिए भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि रिसाली दशहरा मैदान केवल एक मैदान नहीं, बल्कि रिसाली की पहचान और यहां की धड़कन है। वर्षभर यहां खेल प्रतियोगिताओं, दशहरा-दिवाली सहित विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक



कार्यक्रमों का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मैदान के विकास की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि मैदान के विकसित होने से क्षेत्र के युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर मंच मिलेगा। कबड्डी मैदान, बैडमिंटन कोर्ट और ओपन जिम जैसी सुविधाओं से युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में अनुपम साहू, राजू जंघेल, पुनाराम कलिहारी, नेशैलेन्द्र साहू, विक्की सोनी, मनोज साहू, पार्षदगण, महिला मोर्चा पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिल्डर्स के निर्माणाधीन मकान पर कार्रवाई

**भिलाई।** भिलाई निगम ने मंशा कॉलेज के सामने प्लाट-1 कुरूद में स्वीकृत अनुज्ञा के अतिरिक्त ओपन मार्जिनल स्पेस पर मकान बनाने के मामले में कार्रवाई की है। यह मकान बिल्डर आकाश श्रीवास्तव और हर्ष श्रीवास्तव की है। निगम आयुक्त ने 25 सितंबर को नोटिस भेजकर अतिरिक्त निर्माण को रोकने कहा था और जवाब मांगा था। जवाब संतोषजनक प्रस्तुत नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की है।



## राहुल गांधी को चुनाव आयोग और देश से भी माफी मांगनी चाहिए : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगभग सौ बार चुनाव हार चुकी है। उनके नेता राहुल गांधी अब बौखलाहट में लगातार देशद्रोही आचरण पर उतारू हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुआई में कांग्रेस अब देश की तमाम संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने, लगातार झूठ और फरेब के राजनीति कर देश को बदनाम करने में जुटी हुई है। बघेल भारतीय जनता पार्टी के जिला भाजपा

- भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता




कार्यालय में आहूत पत्रकारवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे।

बघेल ने कहा कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त द्वय की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस से यह साबित हो गया है कि आयोग में मतभेद संबंधी कांग्रेस के तमाम दावे न केवल खोखले हैं, बल्कि जान-बूझ कर देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और भारत की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने की राहुल गांधी की सोची-समझी साजिश है। केंद्रीय चुनाव आयोग की संयुक्त प्रेस नोट से दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। यह फिर से साबित हो गया है कि कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ झूठ, सनसनी और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उसका झूठ फिर से बेनकाब हो गया है। फॉर्म-6 के घोषणापत्र समेत अनेक विषयों पर सर्वोच्च न्यायालय से पहले ही पक्ष में निर्णय आ चुका है, फिर भी कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की नाकाम कोशिश करती रहती है। कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय तथ्यों का सम्मान करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई 2026 को इस प्रक्रिया को कानूनी रूप से वैध ठहराया है। इसके बावजूद विपक्ष चुनाव आयोग की निष्पक्षता और प्रक्रियाओं पर झूठा कीचड़ उछालने का घिनौना काम कर रहा था। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, जिला महामंत्री दिलीप साहू जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रितपाल बेल चंदन जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया उपस्थित रहे।

### पीछे की दीवार छोटी होने से बढ़ी परेशानी, जर्जर शौचालय की मरम्मत की मांग

# भिलाई-3 पीएचसी का जर्जर शौचालय बना असामाजिक तत्वों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 परिसर का जर्जर शौचालय अब अस्पताल प्रबंधन के लिए परेशानी का कारण बन गया है। अस्पताल के पीछे स्थित इस शौचालय का इस्तेमाल रात के समय

- रात में दीवार फांदकर घुसते हैं असामाजिक तत्व

कथित तौर पर असामाजिक तत्वों द्वारा किया जा रहा है। अंधेरा होने के बाद लोग पीछे की छोटी दीवार फांदकर परिसर में प्रवेश करते हैं और वहां शराब सहित नशे की अन्य सामग्री का सेवन करते हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इस जर्जर शैचालय की मरम्मत और दीवार को ऊंची करने की मांग की है।

रात के समय यहां किसी तरह की अप्रिय घटना होने की आशंका से प्रबंधन चिंतित है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस शौचालय का निर्माण करीब 15 वर्ष पहले पार्षद निधि से कराया गया था। समय के साथ रखरखाव के अभाव में इसकी स्थिति खराब होती चली गई। वर्तमान में भवन जर्जर हालत में है और इसके संधारण की जरुरत है। इसके दरवाजे भी टूट चुके हैं। इस कारण अस्पताल आने वाले मरीज व उनके परिजनों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन का कहना है कि शौचालय की मरम्मत और संधारण के लिए नगर निगम से संपर्क किया जा चुका है, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।







### छोटी दीवार बनी सुरक्षा में बड़ी समस्या

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पीएचसी के पीछे की दीवार काफी छोटी है। इसी का फायदा उठाकर रात में असामाजिक तत्व आसानी से दीवार फांदकर परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। इसके बाद जर्जर शौचालय में बैठकर नशा करते हैं। शराब की बोलतें व डिस्पोजल बिखरे पड़े रहे हैं। अस्पताल जैसे संवेदनशील परिसर में इस तरह बाहरी लोगों की आवाजाही से मरीजों, उनके परिजनों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्रबंधन ने शौचालय के संधारण के साथ पीछे की दीवार को ऊंचा करने करने की जरूरत बताई है।

### निगम में सूचना के बाद भी संधारण नहीं

अस्पताल परिसर में दो शौचालय मौजूद है। एक शौचालय जर्जर हालत में है। वहीं दूसरे शौचालय इस्तेमाल के लायक नहीं। इसका सेप्टिट टैंक लंबे समय से भरा हुआ है। दरवाजे भी नहीं है। दोनों के शीघ्र संधारण की आवश्यकता है। नगर निगम में इसकी सूचना दी गई है, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी संधारण नहीं हुआ। -डॉ. शिखर अग्रवाल, प्रभारी, पीएचसी भिलाई 3

## रिसाली निगम सेवा संकल्प शिविर में आए 45 आवेदन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा बुधवार को लगाए सेवा संकल्प शिविर में कुल 45 आवेदन आए। यह शिविर वार्ड क्र. 35 डुंडेरा पश्चिम, क्र. 36 डुंडेरा पूर्व और वार्ड क्र. 37 जोरातराई के लिए था।



डुंडेरा मंगल भवन में लगाए गए शिविर का अवलोकन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया। उन्होंने शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर का शुगर लेबल और ब्लड प्रेशर बिलकुल ठीक था। शिविर में मौजूद चिकित्सक ने उन्हें स्वस्थ होना बताया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर शिविर में आए नागरिकों से बातचीत भी की। उन्होंने संबोधन में कहा कि सरकार शिविर के बहाने आम लोगों के घरों तक पहुंच रही है। समस्याओं को जानने के बाद उनका निराकरण भी कर रही है। विधायक का कहना था कि यह प्रयास केवल आम लोगों को सुविधा प्रदान करना है। शिविर में महापौर परिषद के सदस्य रोहित धनकर, पार्षद खिलेंद्र चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल व अनुपम साहू समेत विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### फार्मासिस्टों की भूमिका पर हुआ मंथन

**उतई।** प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी, महकाखुर्द में 'स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना' थीम पर विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन रूपेश कुमार गुप्ता और डायरेक्टर ख्याति साहू रहीं। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अंजना शरद, डॉ. दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी और ललित कुमार उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वास्थ्य सेवाओं और स्वस्थ भविष्य के निर्माण में फार्मासिस्टों के योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा छात्रों के लिए क्विज व अंताक्षरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. सीमा कश्यप के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक खिलेंद्र कुमार ठाकुर, बी. शिबानी पात्रा, कंचन चौधरी और चंचल साहू ने किया।

### धमधा में 83वें दशहरा महोत्सव की तैयारी शुरू

**धमधा।** नगर में 83वें विशाल दशहरा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए जनप्रतिनिधियों, रामलीला समिति के सदस्यों व गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। इस वर्ष अधिक जगह और बेहतर सुविधाओं के लिए महोत्सव के स्थल में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस बार विशाल रावण पुतला दहन और लोक रंगमंच की प्रस्तुतियां प्रमुख आकर्षण होंगी। राजेंद्र ताम्रकार ने जानकारी दी कि तमेर पारा की विख्यात रामलीला समिति पिछले 83 वर्षों से लगातार मंचन कर रही है, जिसकी शुरुआत स्वर्गीय पंचमसिंह ताम्रकार ने की थी। वहीं स्वर्गीय शिवकुमार ढीमर द्वारा 50 वर्ष पूर्व शुरू की गई रामधुनी की परंपरा भी निभाई जाएगी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल, विकास अग्रवाल, आनंद ढीमर, लक्ष्मीनारायण यादव, चंद्रिका भट्ट, अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

### वेंडर मीट में किया जागरूक

**भिलाई।** त्रैमासिक प्रिवेंटिव विजिलेंस कैम्पेन के अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल्स मैनेजमेंट विभाग द भिलाई निवास में 'वेंडर मीट का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती सहित कार्यकारी कार्यपालक निदेशक मानस कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओसुनील सिंघल, सीजीएम केसी मिश्रा, अयान कुमार मिश्रा आदि उपस्थि थे। चक्रवर्ती ने अपने सवेंडर्स के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया। सुनील सिंघल ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

### मकान से 48 हजार के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान में घुसकर चोरी करने का मामला सामने आया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम मचांदुर निवासी अश्वनी देवांगन फर्नीचर का काम करता है। 20 सितंबर को काम करने भिलाई आया था। मां अरुणा देवांगन भी गांव गई थी घर में छोटा भाई था। जो घर के दरवाजा को खुला कर पडोस के दुकान मे मंजन लाने चला गया था। मकान खाली होने पर अज्ञात ने घर में घुसकर सारे सामान को चोरी कर फरार हो गया। जब मां गांव से वापस घर पहुंची तो आलमारी का लॉक टूटे होने की जानकारी हुई। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगद रकम पार हो गए।

# बुजुर्गों का सम्मान हमारी संस्कृति की पहचान, उनका आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : दयालदास बघेल

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर ग्राम कंतेली स्थित वृद्धाश्रम में गुरुवार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने वृद्धजनों को साल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। जनप्रतिनिधियों ने भी वस्त्र, अन्न और फल वितरित कर वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया। समारोह में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, सेवा और आत्मीयता का भाव देखने को मिला। सम्मान प्राप्त करने के दौरान वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि बुजुर्गों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

आज हम जीवन में जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसमें माता-पिता और बुजुर्गों के त्याग, अनुभव और आशीर्वाद की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन धन-दौलत नहीं, बल्कि अपनों से समय, सम्मान और सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने युवाओं से अपने से बड़ों का सम्मान करने और उनके अनुभवों से सीख लेने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि बुजुर्गों का स्नेह और आशीर्वाद परिवार तथा समाज के लिए अमूल्य धरोहर है।

### कंतेली वृद्धाश्रम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों का सम्मान

#### मंत्री ने उत्तम स्वास्थ्य की कामना की

मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वृद्धजनों के कल्याण के लिए वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय वयोश्री योजना, आयुष्मान भारत और तीर्थ दर्शन योजना सहित विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य बुजुर्गों को जीवन के इस पड़ाव पर सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है। उन्होंने वृद्धाश्रम में बेहतर भोजन, स्वास्थ्य जांच, मनोरंजन और आवास जैसी सुविधाओं को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में मंत्री ने सभी वृद्धजनों के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की तथा वृद्धाश्रम प्रबंधन को सेवा कार्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में वृद्धजनों के लिए सहभोज का आयोजन किया गया।




#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू, छत्तीसगढ़ रजकाकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, नीतू कोठारी, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, उप संचालक बेलारमीन बेक सहित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक एवं बड़ी संख्या में वृद्धजन उपस्थित रहे।

## सिल्हाटी रोड पर बुधवार को मवेशी के झूंड मे टकराने से ग्रामीण हुआ घायल

# घूमंतु पशुओं के झूंड ने बढाई मुसीबत फसल के साथ हो रही जनहानि

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

इन दिनो किसान व आमजन घूमंतु पशुओं से बेहद परेशान हैं। खेतों में लहलहा रही धान की फसल को झूंड मे घूम रहे मवेशी नुकसान तो कर ही रहे है वही अब आमजनो के लिए मुसीबत भी बनी हुई है।बुधवार की शाम सिल्हाटी रोड पर थान खम्हरिया से निजि कार्य निपटाकर अपने गृह ग्राम टाटीकसा लौट रहे एक स्कूटी सवार ग्रामीण मवेशीयो के झंड मे जा टकराने से घायल हो गया।नागरीको की सूचना पर डायल 112 की सहायता से उसे अचेत अवस्था मे स्थानीय समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे दाखिल कराया गया।ऐसे अनेक मामले सामने आते रहे है फिर भी इन घूमंतु पशुओ के लिए प्रशासन व जनप्रतिनिधियो के पास ठोस उपाय नही मिल पा रही है। एक तरफ महंगाई और खाद-बीज की लागत, दूसरी तरफ पशुओं का आतंक किसान दिन-रात रखवाली करने को मजबूर हैं। किसान रामनाथ साहू, रोहित साहू, रामचंद्र चंद्राकर, लाला सिह वर्मा, संपन साहू, सुशील चंद्राकर, दिलेश्वर वर्मा, चुन्नू साहू, रामकुमार साहू, कुमार साहू,लीलाथाम साहू, जन्नी साहू, मेहतर साहू, कपील चंद्राकर तथा रामजी यादव ने प्रशासन से मांग की है कि पशु पालकों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ गांव-गांव में प्रशासनिक रोका-छेका अभियान चलाया जाए।गुवारा,खैरझिटीकला,सोमईखुर्द,कुरदा ,गातापार,उमरावनगर,कोपोडबरी,टिपनी,ब



नरांका,करमू,तोरन,नवागांवकला,जेवरा तथा मटिया जैसे क्षेत्र के किसानों की नींद उड़ गई है। 30-40 के झुंड में घूम रहे गाय, बैल और बछड़े फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहे है। किसानों ने प्रशासनिक हस्तक्षेप करते हुए गौपालको के उपर कर सक्त कार्रवाई की मांग रखी है।इस खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 मे कृषि लागत मूल्य बढने से खाद, बीज, दवाई और कृषि मजदूरी दर प्रति एकड़ 15 से 18 हजार रुपए का खर्च आंका गया है। किसानों का कहना है कि यदि फसल बच गई तो भी लागत निकलना मुश्किल है, और पशुओं ने नुकसान किया तो कर्ज छूटना भी मुश्किल हो सकती है। गौरतलब है कि बुधवार की शाम करीब 7 बजे रणवीरपुर चौकी अंतर्गत पैलपार मोड के पास टाटीकसा निवासी स्कुटी सवार एक ग्रामीण काम निपटाकर घर लौट रहा था तभी पशुओ झूड उसकी वाहन टकराने से वह गंभीर रूप घायल हो गया,उसके सिर,मुं,हाथ व पैर मे गंभीर चोटे आयी थी जिसे घायल अवस्था मे 112 की सहायता से थान खम्हरिया अस्पताल पहूंचाया गया जहा उसका प्राथमीक उपचार किया गया।ऐसे ही तहसील क्षेत्र के लगभग 70 गांव आज सडक पर घूम रहे पशुओ से बेहाल है जबकि अब जनहानि भी होने लगी सै जो चिंता का विषय हो गया है, इन दिनो फसल बचाने किसान बारी बारी से रतजगा कर रहे है।किसानो का कहना है कि सरकार फसल बीमा की बात करती है, लेकिन पशुओं से हुए नुकसान का कोई मुआवजा नहीं देती है।दिनभर पशु शहर के अंदर सब्जी बाजार अन्य व्यवसाय को नुकसान पहूंचाती है और शाम होते ही ग्रामीण क्षेत्रो की ओर रूख करती और फसल को बरबाद कर रही है।

#### शासकीय गौठानो व गौचारागन भुमि पर भारी अतिक्रमण हटाने राजस्व विभाग फेल

नगर सहित ग्राम पंचायतो के शासकीय गौठान तथा गौचारागन पर भारी अतिक्रमण के बावजूद इसके राजस्व विभाग अतिक्रमण हटाने संजीदा नही दिखाई देती है। यही कारण है कि ग्राम पदमी जैसे घटना घटित होती है। नगर पंचायत क्षेत्र भी ऐसे ऐसे अनेक प्रकरण देखने को मिलती है।पशुओ के लिए पर्याप्त चारा नही होने से वे फसल को नुकसान पहूंचाते है जबकि अतिक्रमण के चलते अब शहर से लेकर गांव तक गौचारागन अतिक्रमण की चपेट भे है।

#### थान खम्हरिया क्षेत्र मे 10 हजार घूमंतू पशूओ का डेरा

थान खम्हरिया नगर पंचायत क्षेत्र सहित तहसील के 70 गांव मे लगभग 10 हजार से भी अधिक घूमंतू व निराश्रित पशुओ का डेरा है जो सडको पर विचरते नजर आते है और यही हादसे का कारण भी बन रहे है।नगर से कवर्धा,बेमेतरा,साजा व सिल्साटी रोड के बीचो बीच इनका झूंड मे डेरा रहता है इनसे सबसे ज्यादा रात के समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है पिछले दो साल मे इन हादसे मे 3 लोगो की मौत भी हो चुकी है जबचि दर्जनो घायल हो चुके है जीस पर प्रशासन की प्रभावी हस्तक्षेप जरूरी हो गया है ताकि जनहानि को रोका जा सके।

# आंगनवाड़ी उत्सव में गूंजा पोषण का संदेश

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा



- कल्पना योगेश तिवारी ने माताओं-बहनों को दिलाया स्वस्थ परिवार का संकल्प, चार गांवों में हुए आयोजन

9वें राष्ट्रीय पोषण माह 2026 एवं 25 वर्ष सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम बेरलाकला, नेवनारा, चंडी एवं करेली-हसदा में आंगनवाड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। उन्होंने माताओं-बहनों, बच्चों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं से संवाद कर मातृ एवं शिशु पोषण के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर खेलकूद, वाचन, गोदभराई, रंगोली, मेहंदी एवं कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का स्वागत करते हुए श्रीमती तिवारी ने कहा कि गांवों में आंगनवाड़ी केंद्र माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल और बच्चों के पोषण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां से स्वस्थ बच्चे और स्वस्थ बच्चे से स्वस्थ परिवार का निर्माण होता है। गर्भावस्था से लेकर बच्चे के जन्म और उसके बाद तक उचित पोषण एवं देखभाल जरूरी है। उन्होंने माताओं से स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधाओं का लाभ लेने तथा किसी भी समस्या पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मियों से संपर्क करने की अपील की। श्रीमती तिवारी ने स्थानीय और पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि घर की रसोई में सिर्फ भोजन नहीं, पोषण भी पकना चाहिए। हरी भाजियां, स्थानीय सब्जियां और मुनगा जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक भोजन में शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थ परिवार के पोषण स्तर को बेहतर बनाने में उपयोगी हैं। कार्यक्रम में बेरलाकला सरपंच जमुना मिर्जा, नेवनारा सरपंच लोकेश कुमार साहू, चंडी-करेली सरपंच रविकांत पाटले, बूथ प्रभारी लिलेश (पंकज) वर्मा, भाजपा जिला सहकोषाध्यक्ष देवदत्त साहू, मंडल महामंत्री एवं उपसरपंच हिरावन साहू, पूर्व सरपंच जोहत्री निषाद, भूतपूर्व सरपंच खेलन यादव सहित रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पूर्व सरपंच के कार्यकाल में बेटे के खाते में पहुंचे पंचायत के 3.80 लाख, भुगतानों पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत मोहगांव के आश्रित ग्राम भोजेपारा में पूर्व सरपंच के कार्यकाल के दौरान उनके पुत्र के बैंक खाते में पंचायत मद से किए गए करीब 3.80 लाख रुपए के

- पूर्व सरपंच के कार्यकाल में नाली सफाई से लेकर कचरा परिवहन, वाहन किराया व सामग्री खरीदी के नाम पर भुगतान

भुगतानों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। भोजेपारा निवासी अंकित साहू ने जिला कलेक्टर से शिकायत कर पूरे मामले की दस्तावेजी जांच और संबंधित कार्यों का स्थल सत्यापन कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार वर्ष 2022 से 2025 के बीच पूर्व सरपंच श्रीमती दुर्गेश साहू के पुत्र शुभम साहू के बैंक खाते में अलग-अलग मदों के तहत कुल 3,80,278 रुपए का भुगतान दर्ज है। शिकायत में नाली सफाई, कचरा परिवहन, वाहन किराया, फ्लेक्स निर्माण, सामग्री खरीदी, मजदूरी और स्वच्छता कार्य सहित अन्य मदों में भुगतान का उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता ने सवाल उठाया है कि पंचायत के अलग-अलग कार्यों की राशि लगातार एक ही परिवार से



जुड़े व्यक्ति के खाते में किस प्रक्रिया के तहत पहुंची। उन्होंने प्रत्येक भुगतान के पीछे मौजूद बिल, वाउचर, कार्यादेश, स्वीकृति आदेश, मस्टर रोल, माप पुस्तिका और बैंक विवरण की जांच कराने की मांग की है। साथ ही जिन कार्यों के नाम पर राशि निकाली गई, उनका मौके पर सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है। शिकायत कर्ता का कहना है कि जांच से यह स्पष्ट होना चाहिए कि संबंधित कार्य वास्तव में हुए या नहीं, उनकी मात्रा कितनी थी और भुगतान की राशि कार्य की वास्तविक लागत के अनुरूप थी या नहीं।

#### नियमों के पालन की भी हो जांच

शिकायत में पंचायत की निर्धारित वित्तीय प्रक्रिया का पालन हुआ या नहीं, इसकी भी जांच की मांग की गई है। यदि जांच में हितों के टकराव, वित्तीय अनियमितता अथवा शासकीय राशि के दुरुपयोग की स्थिति सामने आती है तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई और राशि की वसूली की मांग की गई है।

#### पूर्व सरपंच का दावा- भुगतान सही

मामले में पूर्व सरपंच दुर्गेश साहू ने कहा है कि उनके कार्यकाल में उनके पुत्र के खाते में किया गया भुगतान सही है। ऐसे में शिकायतकर्ता के आरोप और पूर्व सरपंच के पक्ष के बीच वास्तविक स्थिति पंचायत के मूल अभिलेखों और स्थल सत्यापन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। कलेक्टर का पक्ष जानने टेलीफोन से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं होने के कारण उनका आधिकारिक पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

## कान्हा महराज पर पत्नी के साथ मारपीट का आरोप

**भिलाई।** पत्नी के साथ गाली गलौज मारपीट और प्रताड़ना के मामले में पुलिस ने दो पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कोसा नगर निवासी गोपी दुबे का विवाह 10 साल पहले सामाजिक रिति रिवाज से कान्हा दुबे के साथ हुआ था। शादी के बाद से पति कान्हा, ननद, देवर, सास सभी मिलकर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर विवाद करते थे। जिसकी काउसलिंग महिला थाना रायपुर में हुई थी। काउंसलिंग के बाद भी पति कान्हा दुबे लिखित में समझौता कर ससुराल में अलग जगह किराये में रखा था। 12 सितंबर को तीजा मनाने पीड़िता अपने मायके मंदिर हसौद कुरूद गई थी। 29 सितंबर को घर वापस लौटने पर पिता भूषण शर्मा, मां कुंती शर्मा, बहन मनीषा, चाची मोहनी शर्मा ,चाची रश्मि शर्मा के साथ अपने ससुराल पहुंची थी। घर पर पति कान्हा दुबे, सास रतना दुबे, देवर देवा दुबे, देवरानी खुर्शी दुबे थे। जैसे ही पीड़ित ससुराल पहुंची देवर देवा दुबे बाहर का गेट बंद कर दिया। गाली गलौज करने लगा। जब अपने बच्चे को पीड़िता लेने गई तो देवर ने जान से मारने की धमकी देकर बाये गाल में थप्पड़ जड़ दिया। पति कान्हा दुबे, सास रतना दुबे, देवर देवा दुबे, देवरानी खुशी दुबे मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। पीड़िता की बहन मनीषा यादव ने बीच बचाव करने पहुची तो पति कान्हा व देवर देवा दुबे ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना में पीड़ित आदि को चोट आई है।

# बेलतरा के आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



**साजा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्ष के सेवा एवं संकल्प के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम बेलतरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत साजा के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित गोद भराई, अन्नप्राशन सहित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिकाओं का सम्मान करते हुए उनके समर्पण और सेवाभाव के लिए आभार व्यक्त किया। जितेन्द्र कुमार साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि "सेवा ही संकल्प है और जनसेवा ही सर्वोच्च धर्म है।" कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बेलतरा के सरपंच भारतीय मुकेश टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, माताएं, बच्चे और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### मोहरेंगा की कोटवारी ...

अवलोकन करने पर भूमि के रिकॉर्ड में किए गए बदलाव सामने आते हैं। कांग्रेस नेता के अनुसार, संबंधित नक्शा और नकल पर पटवारी के स्वयं के हस्ताक्षर होने की बात सामने आई है। उनका आरोप है कि इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर शासकीय प्रकृति की भूमि के आगे विक्रय का रास्ता खुला।

### साजा पुलिस की ...

करने लगा। कुछ देर बाद पिकअप वाहन वहां पहुंचा। वाहन में चार भैंसा के साथ चालक लक्ष्मण मेरावी सहित अन्य लोग सवार थे। वहीं वाहन के आगे मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एटी 2715 और डिलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 जेएन 7515 में चार व्यक्ति पायलेटिंग करते मिले। मवेशियों के संबंध में पूछताछ करने पर उनके पास कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं मिला।

**बिना दस्तावेज परिवहन का आरोप:** पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया मवेशियों को बिना पर्याप्त चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक परिवहन करते हुए कत्ल के उद्देश्य से कत्लखाने ले जाना पाया गया। इसके बाद वाहन और मवेशियों को थाना साजा लाया गया। प्रार्थी के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

**पूछताछ में सामने आए सात आरोपी:** विवेचना के दौरान पुलिस ने धनीराम मेरावी, राकेश मेरावी, लेखु मेरावी, भारत राम मरकाम, राजकुमार मेरावी, लक्ष्मण मेरावी और मनीष राज मेरावी से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार मवेशी कीमत करीब 44 हजार रुपए, पिकअप वाहन कीमत करीब 2.50 लाख रुपए, मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 08 एटी 2715 कीमत करीब 30 हजार रुपए तथा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 जेएन 7515 कीमत करीब 15 हजार रुपए, कुल करीब 3 लाख 39 हजार रुपए का सामान जब्त किया। **ये आरोपी गिरफ्तार:** गिरफ्तार आरोपियों में राजकुमार मेरावी (32), धनीराम मेरावी (55), लेखू मेरावी (25), भारत मरकाम (46) और राकेश मेरावी (22) सभी निवासी बहेराखार, थाना रेंगाखार, जिला कबीरधाम तथा लक्ष्मण मेरावी (27) और मनीष राज मेरावी (18) दोनों निवासी पंडरिया, थाना रेंगाखार, जिला कबीरधाम शामिल हैं। सभी आरोपियों को 30 सितंबर 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक जनक साहू, उप निरीक्षक असीम किर्तनीया, प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी, शिवराज सिंह, आरक्षक शिव कुमार यादव, राजू यादव, गोकुल सोनी, अर्जुन धुर्वे, रामानुज जायसवाल सहित थाना साजा के समस्त स्टाफ और गौवंश सेवकों की भूमिका रही।



## खबर संक्षेप



### कौशल्या देवी साय का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवागढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के नवागढ़ आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस में स्वागत किया। जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं फूलमालाएं भेंट कर कौशल्या देवी साय का स्वागत किया। ये रहे मौजूद इस अवसर पर नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष सुरेश निषाद, कृष्णा ध्रुव, राजा सोनकर, कपिल साहू, मोहन चेलक, मिथलेश सोनकर, तनु दीवान, वेदप्रकाश वर्मा, तोपसिंह साहू, फूलचंद साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अवैध गांजा रखने वाली महिला पकड़ी गई

**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा का कारोबार कर रही एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के पास से पुलिस ने 1.365 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि अहिवारा-बेरला कुम्हारी बाईपास रोड के पास टीम ने वार्ड 1, अहिवारा, नंदिनी नगर निवासी लक्ष्मी बाई सोनी द्वारा अवैध रूप से गांजा बेचते हुए पकड़ा। उसके पास से अवैध रूप से गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 68,600 रुपये आंकी गई। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। महिला को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### धमधा पुलिस ने 507 लोहे का कड़ा निकलवाया

**भिलाई।** बाजार ग्राउंड धमधा में गणेशोत्सव समिति धमधा द्वारा आयोजित जस झांकी परिवार, ग्राम पटपर झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों और जिलों से लगभग 6 से 7 हजार दर्शक पहुंचे। अपराधों की रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से धमधा पुलिस ने कार्यक्रम शुरू होने से ही सतर्कता बरती गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत लगातार निगरानी रखी गई। कार्यक्रम में आए युवा वर्ग के कुछ लोगों द्वारा पहने गए विभिन्न प्रकार के लोहे के कड़े निकलवाकर पुलिस द्वारा सुरक्षित रखवाए गए।

### बीएसपी ने डीजीएम सहित दो अधिकारियों को किया निलंबित

**भिलाई।** पिछले कुछ दिनों से बीएसपी में बढ़ रही दुर्घटनाओं में ठेका मजदूरों के हताहत होने को देखते हुए प्रबंधन द्वारा हर विभाग में विभागीय अधिकारियों सुरक्षा नियमों को लेकर गंभीर होने की हिदायत दी गई थी। इस दौरान संयंत्र में दो ठेका श्रमिकों की ऊंचाई से गिरने से मौत हुई गई। सूत्रों के मुताबिक प्रबंधन ने इन मामलों की जांच में तीन विभागीय आधिकारियों द्वारा सुरक्षा को नजरंदाज कर श्रमिकों से पर्याप्त सेफ्टी उपकरण के ऊंचाई पर काम कराने के लिए जिम्मेदार पाया गया।

## सौगात : राज्यस्तरीय रामधुनि प्रतियोगिता का समापन

# 1399 शहीद जवानों को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दी गई श्रद्धांजलि, गांव को मिली विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

ग्राम धनगांव में आयोजित स्वर्ण जयंती एवं राज्यस्तरीय रामधुनि प्रतियोगिता के समापन पर आस्था, भक्ति और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति का संगम देखने को मिला। दो दिवसीय आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचीं 130 रामधुनि मंडलियों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू व ईश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

- 130 मंडलियों ने बांधा भक्ति का समां; धनगांव के विकास की घोषणा






कार्यक्रम में कौशल्या साय ने मंजीरा हाथ में लेकर भजन मंडली के साथ संगत की। वहीं पितृ पक्ष के अवसर पर वर्ष 2000 से अब तक नक्सल अभियान में शहीद हुए 1399 जवानों की स्मृति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तर्पण किया गया। समारोह में धनगांव के लिए विकास कार्यों की घोषणाएं भी हुईं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शेड और सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रुपए, मुख्यमंत्री की ओर से तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 30 लाख तथा सीसी रोड के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। सांसद विजय बघेल ने झिलगाकांपा में सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने छह सेट स्मार्ट कंप्यूटर देने की घोषणा की। प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के पेंड्रीतराई की मंडली प्रथम, मुंगेली के कन्हारपुर द्वितीय और बेमेतरा के कटई की मंडली तृतीय रही। ये रहे मौजूद कार्यक्रम में मदकूदीप मंडलेश्वर रामरूपदास महात्यागी, सर्वेश्वर दास, सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रितपाल बेलचंदन, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, अनुसूचित जाति आयोग सदस्य दयावंत बांधे, बसंत अग्रवाल, बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, जिला पंचायत सदस्य मधु राय, जनपद पंचायत सदस्य सुमन ध्रुव, सरपंच मोनिका गजानंद साहू, सौरभ निर्वाणी, चंदन अग्रवाल, विशाल खंडेलवाल, महंत सुरेंद्र दास, फिरतुराम साहू, दीपक तिवारी, नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# फेसबुक पर सद्गुरु कबीर साहेब को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप, थाने में शिकायत



**साजा।** श्री सद्गुरु कबीर सत्संग समिति क्षेत्र साजा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर सद्गुरु कबीर साहेब के प्रति कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने को लेकर साजा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। समिति के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर संबंधित फेसबुक यूजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

समिति के अनुसार 'मनु भैया' नामक फेसबुक यूजर की ओर से सद्गुरु कबीर साहेब के संबंध में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। समिति ने शिकायत में कहा है कि उक्त टिप्पणी से कबीर पंथ के अनुयायियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। पदाधिकारियों ने पुलिस से मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

समिति ने पुलिस प्रशासन से सोशल मीडिया पर धार्मिक एवं पूजनीय व्यक्तित्वों के संबंध में आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# सेवा सेतु शिविर में 21 आवेदनों का मौके पर निराकरण

**देवकर।** नगर पंचायत देवकर में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के लिए 'सेवा सेतु अभियान : सरकार आपके द्वार' के तहत विशेष शिविर आयोजित किया गया। नगर पंचायत परिसर में आयोजित शिविर में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को दी गई और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 21 आवेदन प्रस्तुत किए। प्रशासनिक अमले ने तत्परता दिखाते हुए सभी 21 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया।

- नगर पंचायत देवकर में 'सरकार आपके द्वार' पहल, 35 सफाई कर्मचारियों की हुई स्वास्थ्य जांच



तत्काल समाधान मिलने से नागरिकों ने शिविर की पहल को उपयोगी बताया। शिविर के दौरान नगर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 35 सफाई कर्मचारियों की व्यापक स्वास्थ्य जांच भी की गई। दिन-रात सफाई व्यवस्था संभालने वाले कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच को इस पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया। इससे कर्मचारियों के स्वास्थ्य की स्थिति का परीक्षण करने के साथ आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन भी दिया गया।

# अक्टूबर में आस्था और उमंग का संगम, पितृपक्ष के बाद गूंजेगा मां दुर्गा का जयकारा

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

व्रत,पर्व और धार्मिक आयोजनों की दृष्टि से अक्टूबर का महीना खास रहने वाला है। महीने की शुरुआत पितरों की श्रद्धा और तर्पण के पर्व पितृपक्ष से हो रही है, वहीं इसके समापन के तुरंत बाद शक्ति आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र शुरू होगा। इसके बाद विजयादशमी, शरद पूर्णिमा, वाल्मीकि जयंती और करवा चौथ जैसे प्रमुख पर्व लगातार आने से पूरे महीने शहर से गांव तक धार्मिक आस्था और उत्सव का माहौल बना रहेगा। पर्वों की इस श्रृंखला का असर बाजार पर भी देखने को मिलेगा। नवरात्र से ही कपड़ा, आटो मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन सहित विभिन्न कारोबार में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद व्यापारियों ने जताई है। पितृपक्ष के प्रमुख श्राद्धों के साथ अक्टूबर की शुरुआत हो रही है। 1 अक्टूबर को षष्ठी श्राद्ध, 2 अक्टूबर को सप्तमी श्राद्ध के साथ गांधी जयंती मनाई जाएगी। 3 अक्टूबर को जीवित्पुत्रिका व्रत, महालक्ष्मी व्रत की पूर्णता और अष्टमी श्राद्ध का संयोग रहेगा। इसके बाद 6 अक्टूबर को इंदिरा एकादशी और 8 अक्टूबर को प्रदोष व्रत एवं मासिक शिवरात्रि का योग रहेगा। 10 अक्टूबर को सर्वपितृ आश्विन अमावस्या के साथ पितृपक्ष का समापन होगा और श्रद्धालु तर्पण आदि के माध्यम से पितरों को विदाई देंगे।

- पितरों की विदाई के साथ 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र, 20 को दशहरा और 29 को करवा चौथ; पर्वों की लंबी श्रृंखला से बाजार में भी बढ़ेगी रौनक

**11 अक्टूबर से नवरात्र की शुरुआत:** पितृपक्ष के समापन के अगले ही दिन यानी 11 अक्टूबर को घटस्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ होगा। नौ दिनों तक मां जगदंबा की आराधना, जप, अनुष्ठान और गरबा-डांडिया सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहेगी। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार रविवार को नवरात्र आरंभ होने पर देवी भगवती का आगमन हाथी पर माना जाता है। इसे समाज और राष्ट्र के लिए शुभ, समृद्धिदायक तथा अच्छी वर्षा का संकेत माना गया है। नवरात्र के दौरान भी कई महत्वपूर्ण धार्मिक संयोग बन रहे हैं। 17 अक्टूबर को नवपत्रिका पूजा के साथ तुला संक्रांति का संयोग रहेगा। वहीं 19 अक्टूबर को संधि पूजा, दुर्गा महाष्टमी और महानवमी एक साथ होने से श्रद्धालुओं के लिए यह दिन विशेष रहेगा। इस दिन देवी आराधना, जप और अनुष्ठान के लिए मंदिरों में विशेष आयोजन होने की संभावना है।

**20 को विजयादशमी, होगा रावण दहन:** नवरात्र के बाद 20 अक्टूबर को विजयादशमी मनाई जाएगी। बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक इस पर्व पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रावण दहन के आयोजन होंगे। दशहरा के साथ ही नवरात्र के दौरान सजाए गए पंडालों और देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां भी शुरू होंगी। इसके बाद 22 अक्टूबर को पापांकुशा एकादशी, 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा एवं कोजागरी पूजा और 26 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती मनाई जाएगी। महीने के अंतिम चरण में 29 अक्टूबर को संकष्टी चतुर्थी के साथ करवा चौथ का पर्व रहेगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखेंगी।

### पर्वों से बाजार में बढ़ेगी खरीदारी की उम्मीद

अक्टूबर में लगातार आने वाले पर्वों को लेकर व्यापारिक क्षेत्र में भी उत्साह है। व्यापारियों का मानना है कि दीपावली से पहले नवरात्र ऐसा समय होता है, जब ग्राहक त्योहारी खरीदारी की शुरुआत कर देते हैं। नवरात्र से ही आटो मोबाइल, कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान सहित विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ने लगती है। शहर के साथ ग्रामीण बाजारों में भी पर्वों के मद्देनजर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। व्यापारियों द्वारा नवरात्र से ही ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनाएं और ऑफर शुरू किए जाने की तैयारी की जा रही है। अक्टूबर में लगातार धार्मिक पर्व होने से बाजार में खरीदारी का सिलसिला बना रहने की संभावना है। वहीं नवंबर की शुरुआत में ही दीपावली का पर्व आने के कारण अक्टूबर के अंतिम दिनों से ही दीपावली की तैयारियों का असर बाजार में दिखाई देने लगेगा।

### सुखाताल पंचायत में लाखों की अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा/दाढ़ी

जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखाताल में सरपंच और सचिव पर पंचायत विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपए की अनियमितता किए जाने के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों, पंचों और उपसरपंच का आरोप है कि पंचायत में विभिन्न कार्यों के लिए शासन से प्राप्त राशि का उपयोग जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा, जबकि संबंधित कार्यों के नाम पर राशि का आहरण किया जा रहा है। मामले की शिकायत जनपद पंचायत में किए जाने के बाद जांच टीम भी गांव पहुंची थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होने से शिकायतकर्ताओं में नाराजगी है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच अमित कुर्रे का आरोप है कि पंचायत भवन की मूलभूत सुविधाओं सहित विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर पिछले करीब दो वर्षों से राशि निकाली जा रही है। मुरूम डालने के नाम पर बिल

# मुरूम, नाली सफाई, पेयजल और स्कूल मरम्मत के नाम पर राशि आहरण का दावा



लगाकर भुगतान किए जाने का आरोप है, जबकि दो साल में गांव में एक ट्रिप मुरूम तक नहीं डाला गया। इसी तरह नाली की साफ-सफाई के नाम पर करीब दो से तीन लाख रुपए निकाले जाने का आरोप है, जबकि मौके पर नालियों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पेयजल व्यवस्था के नाम पर भी राशि निकाली गई, लेकिन ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिला। स्कूल के सामने मिट्टी-मुरूम डालने और बिजली व्यवस्था के नाम पर भी भुगतान किए जाने का आरोप है। ग्रामीणों के मुताबिक स्कूल तक आने-जाने के मार्ग की स्थिति खराब है। बारिश के दौरान स्कूल परिसर में पानी भरने के कारण कई बार छुट्टी की स्थिति बनती है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए अब तक न तो पर्याप्त मिट्टी डाली गई और न ही मुरूम बिछाया गया।

### जांच टीम पहुंची, कार्रवाई का इंतजार

ग्रामीणों के मुताबिक मामले की शिकायत जनपद पंचायत बेमेतरा में की जा चुकी है। शिकायत के बाद जांच टीम द्वारा पंचायत का निरीक्षण किए जाने की बात भी सामने आई है, लेकिन जांच के बाद अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पंचायत के पिछले दो वर्षों के सभी विकास कार्यों, स्वीकृत राशि, बिल-वाउचर और भुगतान की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कागजों में पूरे, मौके पर अधूरे होने का आरोप

उपसरपंच अमित कुर्रे के अनुसार मुक्तिधाम निर्माण, कचरा प्रबंधन, नाली सफाई, स्कूल की छत की मरम्मत सहित कई कार्यों को दस्तावेजों में पूर्ण दर्शाकर राशि निकालने की आशंका है। उनका दावा है कि करीब 10 से 11 लाख रुपए की अनियमितता की आशंका है। उन्होंने कहा कि यदि इन कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। उपसरपंच ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत में अनियमितताओं की शिकायत करने पर सरपंच द्वारा ग्रामीणों को आवास सहित अन्य शासकीय योजनाओं से नाम काटने की बात कहकर डराया जाता है। इससे ग्रामीण खुलकर शिकायत करने से बच रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

# सेवा संकल्प में 'एक कदम स्वच्छता की ओर', बेमेतरा को स्वच्छ बनाने जुटी पालिका, 17 अक्टूबर तक अभियान



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बेमेतरा नगर में 'एक कदम स्वच्छता की ओर' विशेष स्वच्छता अभियान जारी है। 17 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में विभिन्न वार्डों, सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों तथा प्रमुख मार्गों पर नियमित सफाई कराई जा रही है। अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के साथ नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नगर पालिका की टीम द्वारा नियमित सफाई के साथ आवश्यकता वाले क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या एक माह तक चलने वाला अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाला जनअभियान है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाकर स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने का कार्य किया गया है। इसी भावना के साथ बेमेतरा में नियमित रूप से स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने नगरवासियों से कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, घर और मोहल्ले के साथ सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधि, नगर पालिका की टीम और नागरिक मिलकर प्रयास करें तो स्वच्छता का स्थायी प्रभाव दिखाई देगा।

**जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छ बेमेतरा:** अभियान में नगर पालिका के सफाई अमले के साथ नागरिकों की भागीदारी पर भी जोर दिया जा रहा है। नगरवासियों ने नियमित सफाई अभियान की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पालिका का यह अभियान स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने की दिशा में जारी है।

## पौधारोपण के साथ दिया जल संरक्षण का संदेश

# वड़नगर से वाराणसी जा रही जल जन कलश बाइक रैली का टेमरी में स्वागत

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा एवं जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुजरात के वार्डनगर से प्रारंभ होकर वाराणसी तक जाने वाली जल जन कलश बाइक रैली बुधवार को सिमगा होते हुए बेमेतरा जिले के नादघाट पहुंची। यहां से रैली ग्राम पंचायत टेमरी पहुंची, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर रैली का भव्य स्वागत किया। रैली के टेमरी पहुंचने पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय वर्मा, बाइक रैली प्रभारी आयुष शर्मा, महामंत्री गौरव यदु सहित भाजपा एवं युवा



मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रैली में शामिल सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान रैली के सदस्यों को स्मृति चिह्न भी भेंट किए गए। बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने उत्साह के साथ रैली का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, प्रदेश भाजपा महामंत्री जगन्नाथ पाणिग्रही,धमतरी महापौर रामूराम रोहरा, विधायक ईश्वर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, राज्यसभा सांसद राजेश शुक्ला जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सेवा, समर्पण और जनभागीदारी का संदेश

राज्यसभा सांसद राजेश शुक्ला ने कहा कि जल जन कलश यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जनभागीदारी के संदेश को समाज तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं जनकल्याण को प्राथमिकता दी है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से इसी सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**पौधरोपण कर जल संरक्षण का संदेश:** रैली के टेमरी पहुंचने पर प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा एवं बाइक रैली प्रभारी आयुष शर्मा सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया। पौधे के पास मिट्टी से भरी मटकी रखकर जल संरक्षण तथा पौधों की जड़ों तक निरंतर पानी पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को शाल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित भी किया गया। रैली के लिए प्रशासन की ओर से अधिकृत नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता सुखदेव उमाकांत सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण प्रभारी नागेश साहू, मेहुल वर्मा, धर्मेंद्र गोस्वामी, लल्लन यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष शिवमूर्ति, सरपंच टेमरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आयोजन में भूमिका निभाई।

